हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 किसानों की खाद की चिंता को अपनी मानकर...



07 आंदोलनजीवी तत्वों की मंशा को उजागर करें कार्यकर्त्त...



खबर संक्षेप

स्वामित्व अधिकार: तहसीलवार शिविर होंगे आयोजित

सागर। स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सागर जिले में तहसीलवार शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर कलेक्टर भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय ने शिविरों के आयोजन के संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्हें अपने क्षेत्र में शिविरों के सुचारू संचालन, सेक्टर अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और प्रतिदिन की प्रगति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं।योजना के तहत निर्धारित कार्यवाहियों को समय-सीमा में पूरा करने तथा शिविरों का व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

कठपुतली प्रदर्शन एवं कहानी कथन कार्यक्रम आयोजित

सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता माह–2026 के अंतर्गत "ईमानदारी का श्रेष्ठ विकल्पः सत्यनिष्ठा की सदैव विजय विषय पर कठपुतली प्रदर्शन एवं कहानी कथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में ईमानदारी, नैतिकता और सत्यनिष्ठा के मूल्यों को प्रोत्साहित करना तथा रचनात्मक माध्यमों से भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में कठपुतलियों एवं प्रेरक कहानियों के माध्यम से सत्यनिष्ठा, नैतिक आचरण और ईमानदारी के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इन रचनात्मक प्रस्तुतियों ने यह संदेश दिया कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सत्यनिष्ठा अपनाना व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ एक न्यायपूर्ण एवं भ्रष्टाचार-मुक्त समाज के निर्माण के लिए भी आवश्यक है। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. अनिल कुमार जैन के मार्गदर्शन में किया गया।

महाप्रसादी का आयोजन किया गया

सागर। नवरात्रि महोत्सव से उपलक्ष्य में श्री गुजराती समाज शिक्षण संस्थान द्वारा संजीवनी बाल आश्रम मॉल गोदाम के सामने महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें गुजराती समाज के साथ शहर के गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण की इस अवसर पर नगर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, पूर्व विधायक अरविंद भाई पटेल, नैना बेन पटेल, सुनील भाई पटेल, चंद्रकांत भाई पटेल, शिरीष भाई पटेल, पोपट भाई दर्जी, महेंद्र भाई शाह, राजेश केशरवानी, दिनेश गुप्ता, राजा ठाकुर सहित समाज कई लोग मौजूद रहे।

सागर में 13 दिसंबर को आयोजित होगी 'सागर ऑनर रन'

सागर। सागर में भारतीय सेना के आर्मी डे के अवसर पर 13 दिसंबर को सागर ऑनर रन मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रतिभा पाल द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। आयोजन को सुचारू और सफल बनाने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश कुमार गोमे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार गोमे सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाएं और तैयारियां सुनिश्चित करेंगे। मैराथन की थीम रन फॉर हॉनर... रन फॉर नेशन!' है। मैराथन में 5 किमी के अलावा 10 किमी और 21 किमी की श्रेणियां शामिल होंगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं, पूर्व सैनिकों और नागरिकों में देशभक्ति, एकता और फिटनेस को बढ़ावा देना है।

सागर में 68वीं आईएमए मध्यप्रदेश स्टेट कॉन्फ्रेंस का आयोजन

चिकित्सा जगत की हस्तियों ने चिकित्सा शिक्षा, शोध और नवीन वैज्ञानिक जानकारियों पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की 68वीं मध्य प्रदेश स्टेट कॉन्फ्रेंस का सागर में उत्साह, गरिमा एवं भव्यता के साथ आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय इस सम्मेलन में प्रदेशभर से चिकित्सक, चिकित्सा विशेषज्ञ एवं आईएमए के पदाधिकारी सहभागिता कर रहे हैं। सम्मेलन के माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र की प्रगति, नवीन वैज्ञानिक जानकारियों के आदान-प्रदान, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान तथा चिकित्सकों की पेशेवर जिम्मेदारियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

कार्यक्रम में सांसद लता वानखेड़े, सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन एवं देवरी विधायक पंडित बृज बिहारी पटेरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मध्य प्रदेश स्टेट अध्यक्ष डॉ. अरविंद जैन, स्टेट आईएमए उपाध्यक्ष डॉ. सुनील बहल एवं डॉ. ब्रजेश सिंघल, स्टेट सचिव डॉ. दीपक साहू तथा स्टेट कोषाध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार तिवारी की सहभागिता रही।

सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ. आर. डी. ननहोरिया, संरक्षक डॉ. श्याम मोहन सिरोठिया तथा बुंदेलखंड शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सागर के डीन डॉ. पी. एस. ठाकुर का आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सा सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। चिकित्सक समाज के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जीवन रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे सम्मेलन चिकित्सा जगत में नवीनतम वैज्ञानिक जानकारियों के आदान-प्रदान, विशेषज्ञों के अनुभव साझा करने तथा चिकित्सा सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर शोध, नवीन तकनीकों का उपयोग और चिकित्सकों का ज्ञानवर्धन समय की आवश्यकता है। इस प्रकार के आयोजन चिकित्सकों को नई संभावनाओं से जोड़ते हैं तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रेरित करते हैं। सागर में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन स्थानीय चिकित्सा समुदाय के लिए गौरव का विषय है।

सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ. तल्हा साद ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों को नवीनतम वैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय जानकारियों से जोड़ना, विभिन्न विशेषज्ञताओं के बीच संवाद को प्रोत्साहित करना तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में वैज्ञानिक सत्रों, विशेषज्ञ व्याख्यानों, शोध-पत्र प्रस्तुतियों एवं ई-पोस्टर के माध्यम से चिकित्सकों और युवा चिकित्सा शोधकर्ताओं को अपनी प्रतिभा, अनुभव एवं अनुसंधान कार्य प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इससे चिकित्सा क्षेत्र में ज्ञानवर्धन के साथ-साथ नवीन चिकित्सा पद्धतियों एवं अनुसंधान संबंधी जानकारियों को साझा करने का मंच उपलब्ध हो रहा है।

डॉ. तल्हा साद ने कहा कि सागर में इस राज्य स्तरीय सम्मेलन की मेजबानी करना स्थानीय चिकित्सा समुदाय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने सम्मेलन में सहभागिता करने वाले सभी अतिथियों, प्रदेश नेतृत्व, वक्ताओं, प्रतिभागियों, प्रायोजकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

आईएमए सागर शाखा का विश्वास है कि 68वीं मध्य प्रदेश स्टेट कॉन्फ्रेंस चिकित्सा जगत में ज्ञान, सहयोग, अनुसंधान एवं संगठनात्मक एकता को नई दिशा प्रदान करेगी तथा प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं के विकास और चिकित्सकों के पेशेवर ज्ञानवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देगी।



आचार्य श्री विद्यासागर के अवतरण दिवस पर शहर सेवा दल का मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ संपन्न

सागर। अक्टूबर माह के इस अंतिम रविवार को शहर कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम श्री गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर,नमक मंडी कटरा बाजार में वरिष्ठ गांधीवादी नेता कैलाश चंद सिंघई के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। सर्वप्रथम आचार्य श्री विद्यासागर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ गांधीवादी नेता कैलाश चंद सिंघई ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बडा ही अच्छा प्रारब्ध है आचार्य श्री विद्यासागर जी के जन्मदिवस पर ही माह का अंतिम रविवार पड़ा और मुझे इस ध्वजारोहण का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों को कांग्रेस ने सांसद, विधायक के टिकट देकर सम्मानित किया उन मौका परस्त लोगों ने विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस छोड़ के सत्ता सुख भोगने अन्य दलों में चले गए ओर आज जो भी लोग बिना किसी स्वार्थ, महत्वाकांक्षा के इस विषम समय कांग्रेस के साथ खड़े है या कांग्रेस विचारधारा पर अडिग है वो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से बराबर है। भाग्योदय अस्पताल में भर्ती मरीजों की दवा पर्ची कोडिंग कर स्वयं के मेडिकल स्टोर से मनमाफिक दवा लेने की बाध्यता को आर टी आई कार्यकर्ता पंकज सिंघई द्वारा सागर कलेक्टर से मिलकर समाप्त करवाने को लेकर शहर सेवादल परिवार द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष किरणलता सोनी, ऋचा सिंह, नवनियुक्त महिला सेवादल अध्यक्ष पार्षद नीलोफर चमन अंसारी, सीमा चौधरी, पार्षद सुरेखा राकेश राय का सम्मान किया गया।कार्यक्रम के अंत में सभी सेवादल परिवार जनों ने कांग्रेस नेता सुरेंद्र चौबे की माता गायत्री देवी चौबे, ब्रजेंद्र नगरिया के चाचा देवेंद्र नगरिया, राहुल व्यास की बड़ी माता सीतारानी व्यास के निधन उपरान्त दो मिनिट का मौन रखकर आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। शहर सेवादल परिवार ने श्री गौरा बाई दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष संतोष जैन घड़ी, महामंत्री राकेश जैन, प्रबंधक नवीन जैन का भी सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवादल के प्रदेश महासचिव विजय साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन शहर सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे द्वारा ओर संचालन द्वारका चौधरी ने किया।

कार्यक्रम में राकेश राय, शरद पुरोहित, नारायण विश्वकर्मा, योगराज कोरी, सागर साहू, हरिश्चन्द सोनवार, ताहिर खान, दीपक कुर्मी, चमन अंसारी, नितिन पचौरी, कल्लू पटेल, मीना ठाकुर, प्रवीण यादव, लल्ला यादव, अंकुर यादव, परख शुक्ला, अन्नू घोषी, पंकज सोनी, प्रवीण पटेल (पिंटू), बंटी कोरी, जय पारासर, कमल चौधरी, प्रदीप जैन, वीरू चौधरी, मनीष सोनी, राहुल खटीक, उमेश यादव, गजेंद्र दुबे, अरविंद मछंदर, चंद्रभान अहिरवार, रामशंकर सेन, गोपीलाल यादव, नसरुद्दीन खान, गोपाल पटेल, शिवांक व्यास, रोहित कटारे आदि जन उपस्थित रहे।



साहित्यक गतिविधियों को बढ़ावा देने ग्रंथालय में हुई प्रबुद्ध जनों की बैठक

नगर की प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

नगर में साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में रुचि रखने वाले बच्चों को एक बेहतर मंच उपलब्ध कराने तथा साहित्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहन के उद्देश्य से शिवसहाय चतुर्वेदी साहित्य भवन के सभागार में बैठक आयोजन किया गया जिसमें उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रामकुमार चौबे सहित नगर के जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

देवरी नगर के गौरव रहे प्रसिद्ध साहित्यकार शिव सहाय चतुर्वेदी चौबे की साहित्यिक विरासत को आगे बढ़ाने एवं नई पीढ़ी को साहित्यक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में प्रबुद्धजनों, साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में नगर में साहित्यिक गतिविधियों बढ़ावा देने हेतु विविध गतिविधियों के आयोजन, विद्यार्थियों में रचनात्मक प्रतिभा के विकास हेतु मार्गदर्शन और मंच उपलब्ध कराकर उन्हें भविष्य में एक बेहतर लेखक, साहित्यकार एवं रचनाकार के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर भी विचार साझा किए गए।

कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रामकुमार चौबे, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा जैन, अनिल जैन, संजय ब्रजपुरिया, अनिल ढिमोले, आर.के. नेमा, रजनीश जैन, कसक फाउंडेशन से जुड़े सुरजीत गोवा, अजीम प्रेमजी ट्रस्ट की युवा टीम से मुकेश टिटहरे, ज्योति तिवारी, अमितेंद्र मिश्रा, अनवर कुरैशी, उमेश पलिया सहित नगर के अनेक प्रबुद्धजन एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

वनरक्षक भर्ती परीक्षा 2026 के द्वितीय चरण में 169 अभ्यर्थियों ने लिया पैदल चाल में भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश वन विभाग अंतर्गत वनरक्षक भर्ती परीक्षा 2026 के तहत वनरक्षक पदों पर सीधी भर्ती के लिए सागर जिले में लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 221 अभ्यर्थियों हेतु द्वितीय चरण की चयन प्रक्रिया 23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित की गई। यह चयन प्रक्रिया मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त सागर के निर्देशन तथा वनमंडलाधिकारी दक्षिण सागर वरुण यादव के मार्गदर्शन में नोडल कार्यालय वनमंडल दक्षिण सागर में संपन्न हुई।

द्वितीय चरण में अभिलेख परीक्षण एवं शारीरिक माप के उपरांत पात्र पाए गए 171 अभ्यर्थियों में 138 पुरुष एवं 33 महिला अभ्यर्थी शामिल थे। इनमें से 2 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जबकि 169 अभ्यर्थियों ने पैदल चाल में भाग लिया। निर्धारित मानकों के अनुसार पुरुष अभ्यर्थियों को 25 किलोमीटर तथा महिला अभ्यर्थियों को 14 किलोमीटर की पैदल चाल 4 घंटे में पूरी करनी थी। इनमें से 165 अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय-सीमा में पैदल चाल सफलतापूर्वक पूरी की, जबकि 4 अभ्यर्थी निर्धारित समय में इसे पूरा नहीं कर सके।



पैदल चाल में महिला अभ्यर्थी आसमानी रजक ने 14 किलोमीटर की दूरी मात्र 1 घंटा 48 मिनट में पूरी कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, पुरुष अभ्यर्थियों में राहुल राठौर एवं शुभम खत्री ने 25 किलोमीटर की पैदल चाल मात्र 2 घंटे 14 मिनट में पूरी कर शानदार प्रदर्शन किया।

पूरी चयन प्रक्रिया निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में वनमंडल दक्षिण सागर, वनमंडल उत्तर सागर एवं वनमंडल सामाजिक वानिकी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला रोजगार अधिकारी का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

जनविश्वास अभियान के तहत बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक ने किया जिले का दौरा

सागर। जनविश्वास अभियान के तहत मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अजय गुप्ता ने सागर जिले का दौरा कर विद्युत उपकेंद्रों, निर्माणाधीन कार्यों और सौर ऊर्जा संयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने रबी सीजन में बढ़ने वाले बिजली भार के सुचारू प्रबंधन और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राहतगढ़ ग्रामीण वितरण केंद्र के मीरखेड़ी स्थित 33/11 केवी उपकेंद्र में स्थापित 1500 केवीए क्षमता के संधारित्र बैंक की कार्यक्षमता का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि घरेलू फीडरों पर कृषि पंपों का भार नहीं जुड़ना चाहिए। ऐसी स्थिति मिलने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। प्रबंध संचालक ने रजवांस में निर्माणाधीन 33/11 केवी उपकेंद्र का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ 31 दिसंबर तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोहोरा स्थित दो मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र और साईखेड़ा के 400 केवी उपकेंद्र का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा बामोरा में पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत निर्माणाधीन और निर्मित 33/11 केवी उपकेंद्रों के कार्यों का जायजा लिया तथा कार्य की गुणवत्ता की सराहना की। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक अशोक धुर्वे, मुख्य अभियंता एसआर येमदे, अधीक्षण अभियंता चंद्ररेखा प्रभाकर, कार्य पालन अभियंता प्रदीप कुमार साहू, एसटीएम वीरेंद्र परते सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

आवश्यक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मोजा रंनगुवां गढ़ाकोटा पटवारी हल्का नंबर 25/ 7 खसरा नंबर 497 रकबा 0.650 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 534 रकबा 0.130 हेक्टेयर विवादित भूमि है जिसका विचारण व्यवहार न्यायालय गढ़ाकोटा द्वारा व्यवहारवाद क्रमांक 11A/25 है तथा विक्रय हस्तांतरण एवं वादी के कब्जे में हस्तक्षेप से- आदेश दिनांक 13/5/2026 से प्रतिबंधित है।अतः उक्त जगह कोई ना खरीदे अन्यथा उसके खिलाफमाननीय न्यायालय द्वारा कठोर कार्यवाही की जाएगी।

सूचनाकर्ता
गोविंद प्रसाद सोनी

देहरी में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन घायल, डायल-112 की त्वरित कार्रवाई, तीनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया

सागर। देहरी थाना क्षेत्र में रविवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही सागर पुलिस नियंत्रण कक्ष ने तत्काल डायल-112 की त्वरित प्रतिक्रिया वाहन टीम को मौके के लिए रवाना किया। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार कराया गया। पुलिस के अनुसार, 25 अक्टूबर को सुबह करीब 11.57 बजे भोपाल नियंत्रण कक्ष से देहरी क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर और तीन लोगों के घायल होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही सागर पुलिस नियंत्रण कक्ष ने बिना देरी किए त्वरित प्रतिक्रिया वाहन क्रमांक-14 को घटनास्थल के लिए रवाना किया।टीम मौके पर पहुंची तो दुर्घटना में तीन लोग घायल मिले। इनमें एक युवती और एक बुजुर्ग व्यक्ति भी शामिल थे। पुलिसकर्मियों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। समय पर पुलिस सहायता मिलने से घायलों को जल्द चिकित्सा सुविधा मिल सकी।

सागर में कांग्रेस की संयुक्त बैठक, बूथ स्तर तक अभियान चलाने का लिया संकल्प

दिल्ली की वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली में सागर से जाएंगे हजारों कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कांग्रेस की ओर से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली की तैयारियों को लेकर रविवार को अमन मैरिज गार्डन, तिली रोड में जिला शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में सागर जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया गया। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्य पर्यवेक्षक एवं विधायक अमित सुभाषराव झनक, सह-प्रभारी एवं पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया विशेष रूप से मौजूद रहे। अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव एवं ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने की।

मुख्य पर्यवेक्षक अमित झनक ने कहा कि 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान लोक तंत्र और संविधान को बचाने का आंदोलन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान को बूथ स्तर तक




पहुंचाने का आह्वान किया।

सह-प्रभारी लखन घनघोरिया ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को मतदान केंद्र अभिकर्ता बनकर मतदाता सूची की निगरानी करनी होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में भी मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि अभियान को वार्ड और बूथ स्तर तक ले जाया जाएगा। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर मतदाता सूचियों की जांच करेंगे। जिला ग्रामीण प्रभारी राहुल शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया। बैठक का संचालन विधानसभा प्रभारी जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने किया। आभार रामकुमार पचौरी ने माना। बैठक में कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर नरयावली प्रभारी लक्ष्मण सिँह ठाकुर, पूर्व सांसद आनंद अहिरवार, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, रेखा चौधरी, तरवर सिंह लोधी, अमित राम जी दुबे, माधवी चौधरी, मुकुल पुरोहित, सिंटू कटारे, रमाकांत यादव, संदीप चौधरी, आशीष ज्योतिषी, कमलेश साहू, सुरेंद्र सुहाने, संदीप सबलोक, अभिषेक गौर, कमलेश तिवारी, शैलेन्द्र तोमर, अवधेश तोमर, नरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र राजे, हेमराज रजक, राहुल चौबे, राकेश राय, डाक्टर किरण लता सोनी, पीयूष अवस्थी, ऋचा सिंह, बीडी पटेल, सूर्या शुक्ला, प्रियंका गौरब पाण्डेय, दीनदयाल तिवारी सागर साहू, आनंद हैला दीपक कुर्मी, हरिश्चंद्र सोनवार महेश अहिरवार, पार्षद नीलोफर चमन अंसारी उपस्थित थे।



छोटे किसानों की आशंका मौके पर की दूर, ई-विकास पोर्टल से एक दिन में 5221 किसानों ने कराई बुकिंग

किसानों की खाद की चिंता को अपनी मानकर मैदान में उतरे कलेक्टर, गांवों में पहुंचकर खुद करा रहे बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

रबी सीजन की बुवाई के बीच किसानों के सामने खाद की उपलब्धता और समय पर बुकिंग सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है। ऐसे में जिले के किसानों को खाद के लिए परेशान न होना पड़े, उन्हें बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़े और बुवाई से पहले जरूरत के मुताबिक उर्वरक मिल सके, इसके लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय लगातार प्रयास कर रहे हैं। खाद की व्यवस्था को लेकर केवल कार्यालयों से समीक्षा करने के बजाय वे खुद ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों से संवाद कर रहे हैं, उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर ही खाद बुकिंग की प्रक्रिया समझाकर उनकी आशंकाएं दूर कर रहे हैं। कलेक्टर की इस सक्रियता का उद्देश्य स्पष्ट है कि खाद प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल हो और जिले के प्रत्येक किसान तक व्यवस्था का लाभ पहुंचे।



हमारा प्रयास, बुवाई के पूर्व और बिना बिचौलिया के किसान को मिले खाद

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि खाद की बुकिंग की प्रक्रिया को सरल बनाना हमारा उद्देश्य है और हमारा प्रयास है कि खेतों में बुवाई शुरू होने से पहले प्रत्येक किसान को खाद उपलब्ध हो और उसे खाद प्राप्त करने के लिए किसी बिचौलिए पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने बताया कि ई-विकास पोर्टल के माध्यम से खाद की बुकिंग की प्रक्रिया सरल है और हर दिन बुकिंग के लिए शेष किसानों की संख्या कम हो रही है। इसी व्यवस्था को समझने और किसानों की वास्तविक समस्याओं का पता लगाने के लिए उन्होंने ग्राम पंचायत श्रीनगर और गोपालपुरा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने ग्रामीणों से खाद की बुकिंग, उपलब्धता और वितरण व्यवस्था के संबंध में चर्चा की तथा उनकी शंकाओं का समाधान किया।

आधा एकड़ वाले किसान की मौके पर कराई बुकिंग

ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय के सामने कुछ किसानों ने आशंका जताई कि जिन किसानों के पास दो एकड़ से कम जमीन है, उन्हें खाद कैसे मिलेगी। इस पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने केवल आश्वासन देने के बजाय मौके पर ही छोटे किसानों की खाद बुकिंग कराकर प्रक्रिया को समझाया। उन्होंने गोपालपुरा और श्रीनगर में ऐसे किसानों की बुकिंग करके देखी, जिनके पास मात्र आधा से एक एकड़ तक जमीन है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने ग्रामीणों को बताया कि कम रकबा होने के कारण किसानों को बुकिंग प्रक्रिया को लेकर अनावश्यक चिंता करने की जरूरत नहीं है। किसान सुबह 10 बजे से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध स्टॉक के अनुसार अपने रकबे और आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक का चयन कर सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड सहित आवश्यक जानकारी सामने रखकर स्वयं भी बुकिंग की जा सकती है। जरूरत पड़ने पर किसान सीएससी केंद्र या अन्य सहयोगी माध्यमों की मदद भी ले सकते हैं।

एक दिन में 5221 किसानों ने कराई बुकिंग

ई-विकास पोर्टल के माध्यम से खाद बुकिंग को लेकर जिले में किसानों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि एक दिन में लगभग 5221 किसानों ने पोर्टल के माध्यम से खाद की बुकिंग की। उन्होंने बल्देवगढ़ और जतारा क्षेत्र के करीब 10 किसानों से फोन पर बातचीत कर बुकिंग प्रक्रिया के अनुभव भी जाने। कलेक्टर श्रोत्रिय ने किसानों से पूछा कि उन्होंने खाद की बुकिंग स्वयं की, युवा साथियों की मदद से कराई या फिर कॉमन सर्विस सेंटर यानी सीएससी केंद्र का सहारा लिया। बातचीत में कुछ किसानों ने स्वयं बुकिंग करने, कुछ ने युवा साथियों के सहयोग से प्रक्रिया पूरी करने और कुछ ने सीएससी केंद्र के माध्यम से बुकिंग कराने की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से यह भी जाना कि खाद बुकिंग के लिए केंद्रों पर अब कितने किसान शेष रह गए हैं।

रैक प्वाइंट पर पहुंचकर डीएपी परिवहन का निरीक्षण

किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्रोत्रिय ने डीएपी की आवक और परिवहन व्यवस्था पर भी नजर रखी है। उन्होंने रैक प्वाइंट पर पहुंचकर डीएपी खाद के परिवहन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि नई खेप की खाद को संबंधित स्थानों तक पहुंचने में एक से दो दिन का समय और लगेगा। इसके बाद आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने पर 29 अक्टूबर से इस खेप की खाद की बुकिंग शुरू हो सकेगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट किया कि नई खेप की बुकिंग शुरू होने तक पिछली रैक से प्राप्त डीएपी खाद की बुकिंग भी जारी रहेगी, जो 25 और 26 अक्टूबर को दो दिवसीय अवकाश के कारण 27 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। इस अवधि में किसानों को अन्य उपलब्ध उर्वरकों की बुकिंग करने की सलाह दी गई।

खाद के साथ स्वामित्व कार्य की भी समीक्षा

ग्राम पंचायत श्रीनगर और गोपालपुरा के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि गांवों में स्वामित्व संबंधी कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए पटवारी सुबह पांच बजे से ही काम में जुटे हुए हैं। इस कार्य में पटवारियों की सहयोगी टीम के साथ पंचायत सचिव और रोजगार सहायक भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। कलेक्टर श्रोत्रिय ने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वामित्व कार्य को समय पर पूरा कराने में राजस्व अमले का सहयोग करें। आवश्यक दस्तावेज, विशेषकर आधार कार्ड, साथ लेकर आएं, ताकि सत्यापन और अन्य प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब न हो।



पेट्रोल कम देने का आरोप, विरोध करने पर ग्राहक से अभद्रता

ललितपुर। राजघाट रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की कम मात्रा देने और इसका विरोध करने पर ग्राहक के साथ गाली-गलौज व अभद्रता किए जाने का आरोप सामने आया है। मामले की सूचना पर यूपी-112 पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद शिकायतकर्ता ने कोतवाली ललितपुर में लिखित शिकायत देकर मामले की जांच और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नेहरू नगर निवासी ओमकार यादव के अनुसार, 24 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 7.15 बजे वह अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.के.3174 में पेट्रोल भरवाने के लिए राजघाट रोड स्थित उक्त पेट्रोल पंप पर पहुंचे थे। उन्होंने पंप पर 110 रुपये का पेट्रोल भरवाया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पेट्रोल की मात्रा कम होने का संदेह होने पर उन्होंने कर्मचारी से इस संबंध में सवाल किया। आरोप है कि इस पर कर्मचारी ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। ओमकार यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि विवाद के बाद उन्हें दोबारा 110 रुपये का पेट्रोल डलवाना पड़ा। उनके मुताबिक, इस दौरान कुल 220 रुपये के दो अलग-अलग लेनदेन हुए, जिनकी रसीद भी उनके पास है। घटना की सूचना मिलने पर यूपी-112 पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता ने कोतवाली ललितपुर में प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की जांच कराने और दोषी पाए जाने वाले संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

अवैध शराब पर आबकारी विभाग का शिकंजा, मदिरा जब्त, प्रकरण दर्ज

मुहारा, बैरवार और मातौल में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने विशेष अभियान चलाते हुए कार्रवाई की है। विभागीय टीम ने ग्राम मुहारा, बैरवार और मातौल में दबिश देकर करीब 15 हजार रुपये कीमत की अवैध मदिरा जब्त की। इस दौरान आबकारी अधिनियम के तहत छह प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के आदेशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी नरेश प्रताप सिंह के निर्देशन में 24 अक्टूबर को यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान आबकारी विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर जांच और कार्रवाई करते हुए 24 बीयर कैन, 17 पाव सादा मदिरा, 25 पाव गोवा मदिरा तथा 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की। जब्त मदिरा की अनुमानित कीमत करीब 15 हजार रुपये बताई गई है। जिला आबकारी अधिकारी नरेश प्रताप सिंह के निर्देशन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मधुसूदन दीवान के मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई के दौरान ग्राम मातौल निवासी जितेंद्र सिंह सेंगर और ग्राम मुहारा निवासी सुरेश चढ़ार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। विभागीय टीम ने आबकारी अधिनियम के तहत



कुल छह प्रकरण दर्ज किए। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक विजय सिंह सहित विभागीय अमला शामिल रहा। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और विक्रय के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग द्वारा अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध स्थानों पर निगरानी रखने के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

साझे के ट्रैक्टर को लेकर विवाद, मारपीट

ललितपुर। गिरार थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरखेड़ा में साझे के ट्रैक्टर को लेकर हुए विवाद में एक महिला और उसके पति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उसके ससुर और तीन देवरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सेमरखेड़ा निवासी सोनावती पत्नी निरभान सिंह ने बताया कि 20 अक्टूबर को शाम करीब 5.30 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान साझे के ट्रैक्टर को लेकर उनके ससुर नाथूराम और देवर वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। सोनावती और उनके पति निरभान सिंह ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे उन्हें चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। मामले में पुलिस ने पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया है।

मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति, कन्याभोज और भंडारे का आयोजन

झिलमिल बेर धाम में अखंड रामायण पाठ का समापन, ग्रहण किया महाप्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के जतारा क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र झिलमिल बेर धाम में नवरात्र पर्व पर 11 अक्टूबर से शुरू हुए अखंड रामायण पाठ का रविवार को धार्मिक उल्लास और विधि-विधान के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर हनुमान मंदिर प्रांगण में पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन और पूर्णाहुति संपन्न कराई गई। इसके बाद कन्याभोज, महाप्रसाद और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बैदपुर सहित आसपास के कई गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

झिलमिल बेर धाम में नवरात्र से चल रहे इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा। अखंड रामायण पाठ के समापन अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक गतिविधियां आयोजित की गईं। हवन के दौरान श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूर्णाहुति के बाद कन्याभोज कराया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। ग्राम बैदपुर के ग्रामवासियों द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम



में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। झिलमिल बेर धाम क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां पहाड़ी पर भगवान बजरंगबली का सिद्ध मंदिर स्थित है, जबकि पहाड़ी के नीचे भगवान शंकर का मंदिर और सिद्ध क्षेत्र बाबा जी का चबूतरा श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख स्थल हैं। यहां टीकमगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा दूर-दराज से भी श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, इस सिद्ध स्थल पर सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस स्थान को लेकर क्षेत्र में कई धार्मिक मान्यताएं प्रचलित हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि झिलमिल बेर के आसपास लगभग चार से पांच किलोमीटर के क्षेत्र में चोरी सहित अन्य आपराधिक घटनाएं नहीं होती हैं। इसी मान्यता के चलते भी इस स्थान की क्षेत्र में विशेष पहचान बनी हुई है। झिलमिल बेर धाम दिगौड़ा से मवई-मजना मार्ग पर जंगल के बीच ग्राम बैदपुर के पास स्थित है। दिगौड़ा से इसकी दूरी लगभग 13 किलोमीटर और जतारा से करीब 18 किलोमीटर है। प्राकृतिक वातावरण के बीच स्थित इस सिद्ध स्थल पर वर्षभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। नवरात्र के दौरान आयोजित अखंड रामायण पाठ और समापन पर हुए भंडारे ने एक बार फिर क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सामूहिक सहभागिता और सामाजिक समरसता का वातावरण निर्मित किया।

दिल्ली रैली में जाएंगे 500 से अधिक कार्यकर्ता

'वोट बचाओ, देश बचाओ' मतदाता सूची की जांच करेगी कांग्रेस



टीकमगढ़। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के दौरान हुए बदलावों को लेकर जिला कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए पारदर्शी जांच की मांग की है। तालदरवाजा स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू और किरण अहिरवार ने वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि मतदाता सूची में हुए बदलावों की जांच जरूरी है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक का मताधिकार सुरक्षित रहना चाहिए। पार्टी का आरोप है कि एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची में व्यापक बदलाव हुए हैं, जिनकी पारदर्शी तरीके से जांच की जानी चाहिए। कांग्रेस ने मांग की कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया की समीक्षा की जाए, जिससे पात्र मतदाताओं के नाम सूची में बने रहें और किसी भी नागरिक को अपने मताधिकार से वंचित न होना पड़े। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पदाधिकारियों ने मतदाता सूची के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि एसआईआर से पहले 5.74 करोड़ मतदाता दर्ज थे, जबकि अंतिम सूची में यह संख्या 5.39 करोड़ रह गई। उनके अनुसार, इस प्रक्रिया में 34.25 लाख नाम हटाए गए और 8.49 लाख मतदाताओं की शुद्ध बढ़ोतरी दर्ज हुई। कांग्रेस ने इन आंकड़ों के आधार पर मतदाता सूची में हुए बदलावों की पारदर्शी जांच कराने की आवश्यकता जताई। विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत जिले से 500 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता 1 नवंबर को दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित महारैली में कार्यकर्ता शामिल होंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता सूची की पारदर्शिता और नागरिकों के मतदान के अधिकार से जुड़े मुद्दे उठाए जाएंगे। कांग्रेस ने 25 नवंबर तक जिले में अभियान चलाने की भी घोषणा की है। इसके तहत पार्टी कार्यकर्ता गांवों में चौपाल लगाएंगे और घर-घर जाकर मतदाता सूचियों की जांच करेंगे।

हस्ताक्षर अभियान से कर रहे जागरूक, 4 दिसंबर को भोपाल में होगा राज्यस्तरीय आयोजन

गौ सम्मान अभियान की अलख जगाने गांवों में पहुंच रहे गौभक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

गौ माता के सम्मान, गोवंश के संरक्षण और गौ आधारित भारतीय परंपराओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए टीकमगढ़ में गौ संरक्षण समिति टीकमगढ़ के सदस्यो की युवा टीम दिन-रात मेहनत कर रही है। श्री मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज और ग्वाल संत श्री गोपालानंद सरस्वती महाराज के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में गौ संरक्षण समिति टीकमगढ़ के सदस्य पूरी लगन, निष्ठा और समर्पण के साथ गांव-गांव पहुंचकर गौभक्ति की अलख जगा रहे हैं। हाथों में बैनर, पंपलेट और पोस्टर लेकर निकलने वाले इन गौभक्तों का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ना और गौ माता के सम्मान एवं संरक्षण के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ाना है।

गौ संरक्षण समिति की युवा टीम ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर टीकमगढ़ शहर की विभिन्न कॉलोनियों तक लगातार जनसंपर्क कर रही है। समिति के सदस्य घर-घर पहुंचकर लोगों को गौ सम्मान आह्वान अभियान की जानकारी दे रहे हैं और हस्ताक्षर पत्रक वितरित कर लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं। मामोन, लखौरा, मोहनपुरा, कुंवरपुरा, देवपुर, बहादुरपुर और कारी सहित अनेक गांवों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही शहर के अलग-अलग मोहल्लों और कॉलोनियों में भी गौभक्त लोगों से संपर्क





कर उन्हें अभियान के उद्देश्यों से अवगत करा रहे हैं। इस अभियान में समिति के सदस्यों की सक्रियता और निरंतरता देखने को मिल रही है। गांवों की गलियों से लेकर शहर की कॉलोनियों तक पहुंचकर लोगों को जागरूक करना, हस्ताक्षर पत्रक भरवाना, अभियान की जानकारी देना और अधिक से अधिक नागरिकों को इससे जोड़ना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। गौ संरक्षण समिति के सदस्य इसे केवल हस्ताक्षर एकत्र करने का कार्य नहीं, बल्कि गौ माता के प्रति सम्मान, संवेदना और संरक्षण की भावना को समाज में मजबूत करने का माध्यम मानते हैं। उनका प्रयास है कि गौ संरक्षण का विषय केवल धार्मिक आस्था तक सीमित न रहे, बल्कि सामाजिक सहभागिता और जनजागरूकता के रूप में भी आगे बढ़े।

गौ सम्मान आह्वान अभियान है गैर राजनैतिक जनआंदोलनः इस अभियान में ज्ञानप्रकाश उर्फ बॉबी मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा कक्का, अरुण प्रेम तिवारी, प्रोफेसर निष्ठा दुबे, मोहित सोनी, सुनील विदुआ सोनू, ऋतु मिश्रा, वंदना मिश्रा, डॉ. अनिल झा और संतोष पटेरिया सहित अन्य गौभक्त सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। गौ संरक्षण समिति टीकमगढ़ के गौभक्त ज्ञानप्रकाश उर्फ बॉबी मिश्रा ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि गौ सम्मान आह्वान अभियान देशभर में गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने, गोवध पर पूर्ण कानूनी रोक लगाने और गौ आधारित अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा शांतिपूर्ण एवं गैर-राजनीतिक जनआंदोलन है। अभियान के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकारों से संविधान के दायरे में अहिंसक तरीके से अपनी मांगें रखने और भारतीय देशी गोवंश को सुरक्षा, सेवा एवं राष्ट्रीय सम्मान दिलाने का आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के प्रमुख उद्देश्यों में गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने अथवा राष्ट्र आराध्या का संवैधानिक सम्मान प्रदान करने की मांग, देशभर में गोवध पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए केंद्रीय कानून बनाने, केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय के गठन, गौशालाओं और देशी गोवंश के संरक्षण के लिए वित्तीय सहायता एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने जैसे विषय शामिल हैं। इसके साथ ही गोचर भूमि के संरक्षण के लिए गोचर बोर्ड का गठन, चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीति, गौ आधारित कृषि को प्रोत्साहन तथा वेदलक्षणा गोवंश से प्राप्त पंचगव्य उत्पादों के निर्माण और विपणन को बढ़ावा देने की मांग भी अभियान के प्रमुख विषयों में शामिल है। अभियान के माध्यम से शिक्षा में गौ महात्म्य को शामिल करने पर भी जोर दिया जा रहा है।

शांतिपूर्ण तरीके से सरकार तक पहुंचाई जा रही मांगें

अभियान की विशेषता बताते हुए बॉबी मिश्रा ने कहा कि इसे किसी एक राजनीतिक नेता या औपचारिक संगठन तक सीमित नहीं रखा गया है। अभियान में किसी भी प्रकार का चंदा या पैसा नहीं लिया जाता है। रैलियों, संकीर्तन, प्रार्थना, जनसंपर्क और ज्ञापन जैसे शांतिपूर्ण माध्यमों से सरकार तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। इसका उद्देश्य गौ संरक्षण से जुड़े विषयों पर समाज को जागरूक करना और संतों, गौभक्तों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों को एक साझा प्रयास से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि गौ सम्मान आह्वान अभियान के दो प्रमुख चरण पूरे हो चुके हैं और वर्तमान में तीसरा चरण चल रहा है। इस चरण के तहत देशभर में जनसंपर्क और हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लोगों की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। टीकमगढ़ में गौ संरक्षण समिति की युवा टीम इसी उद्देश्य को लेकर निरंतर सक्रिय है। समिति के सदस्य ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को अभियान की जानकारी दे रहे हैं, ताकि गौ सम्मान और संरक्षण से जुड़ी मांगों को व्यापक जनसमर्थन मिल सके।

4 दिसंबर को चलो भोपाल जुटेंगे लाखो गौभक्त

गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत आगामी 4 दिसंबर को भोपाल में विशाल राज्यस्तरीय कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसे चलो भोपाल के नारे के साथ प्रचारित किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य प्रदेशभर के गौभक्तों, संतों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को एक मंच पर एकत्रित करना है, ताकि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने और गोवध निषेध के लिए कानून बनाने जैसी मांगों को राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार तक पहुंचाया जा सके।

न रुका नशे का कारोबार और न लगी चोरियों पर लगाम

कहीं बोर की काटी जा रही केबल तो कहीं स्कूलों के टूट रहे ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बड़े-बड़े शब्दों में थानों की दीवारों पर 'देशभक्ति जन सेवा' का नारा लिखवाकर श्योपुर जिले की पुलिस शायद कर्तव्य से इतिश्री कर रही है और चोर लगातार चोरियो को अंजाम देकर पुलिस की गश्त व्यवस्था का मखौल उड़ा रहे हैं। श्योपुर शहर की बात करें तो यहां आए दिन नगर पालिका की बोरों से केवल चोरी करने की घटनाएं होने से जहां नगरपालिका को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है वहीं नगर की पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो रही है। उधर घर मकानों के बाहर रखें कीमती सामान को चोरी कर ले जाने का काम नशेड़ियों द्वारा रोज किया जा रहा है। आश्चर्य की बात तो ये है कि यह घटनाएं तब अधिक हो रही हैं जब पुलिस गश्त को बढ़ाने का दावा कर रही है लेकिन इसके बाद भी न तो चोरियां रुक पा रही हैं और न ही नशे का कारोबार रूक पाया है।

आए दिन शहर के किसी न किसी वार्ड में चोरों द्वारा नगर पालिका की बोर से केबल काट कर ले जाने की सूचना मिलती रहती है। केवल काटकर चोरी कर ले जाने की घटना इतनी अधिक हो रही है कि अब तो नगर पालिका ने उक्त चोरियों की शिकायत थाने में करने से भी तौबा कर ली है। केबल चोरी होने के बाद नगर पालिका के कर्मचारी अपने स्तर पर केवल बदलकर पेयजल आपूर्ति शुरू कर देते हैं लेकिन जिस वार्ड में केवल चोरी होती है उसे वार्ड में पीने के पानी के लिए हाहाकार जरूर मच जाता है। आखिर क्या वजह है कि चोर इतने सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद पुलिस की पकड़ से दूर बने हुए हैं। लोगों का कहना है कि अगर चोर अज्ञात हैं तो चोरी का सामान चोर किस कबाड़ी बेचते हैं इसकी पड़ताल कभी क्यों नहीं की गई?। आज तक कभी यह जानकारी नहीं मिली कि पुलिस टीम ने कभी किसी कबाड़ी की दुकान पर पहुंचकर दबिश दी हो। आश्चर्य की बात तो यह है कि शहरवासी चोरों को पहचानते भी हैं और पुलिस को भी उनकी जानकारी है लेकिन पुलिस चोरो को पकड़ने के बजाय उल्टे फरियादियों को ही कोतवाली के चक्कर कटवाती रहती है जिससे शिकायत करने वाले भी हार थक कर पुलिसिया कार्रवाई की उम्मीद छोड़ देते हैं। पुलिस की यही अकर्मण्यता शहर में लगातार चोरियों का ग्राफ बढा रही हैं। प्रश्न यही उठ रहा है कि अगर पुलिस चोरों को पकड़ने में अगर मगर करेगी तो फिर गुड पुलिसिंग के नारे का क्या होगा।



स्कूलों को निशाना बना रहे चोर

चोरों की पहली पसंद इन दिनों सरकारी स्कूल भी बने हुए हैं। सरकारी स्कूलों के ताले तोड़कर चोर रसोई में रखा गैस सिलेंडर और बर्तन चोरी कर कर ले जा रहे हैं। जिला मुख्यालय स्थित कोतवाली से महज 100 कदम दूर पापूजी मोहल्ला में मिडिल स्कूल क्रमांक एक में चार बार चोरों ने ताले तोड़कर गैस सिलेंडर और बर्तन चोरी कर लिए और मिडिल स्कूल क्रमांक 3 में एक ही पखवाड़े में दो बार ताले तोड़कर गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। इन चोरियों के आवेदन लगातार कोतवाली थाने में दिए जा चुके हैं लेकिन कोतवाली पुलिस चोरों को पकड़ने के बजाय आवेदन लेकर कर्तव्य से इतिश्री कर लेती है। आश्चर्य की बात तो यह है कि इनमें से कुछ चोरों की तो संबंधितों ने पहचान भी कर ली और पुलिस को बता भी दिया था लेकिन पुलिस उक्त चोरों को पकड़ने के बजाय जांच में जुटी हुई है।

केबल काटने से मोटर भी डूब जाती है पानी में

चोर बोर से जब केवल काटते हैं तो पानी में डूबी बोर जो केबल से जुड़ी होती है को बाहर खींचते हैं। जितनी मोटर बाहर आ जाती है उतनी केवल काट कर ले जाते हैं और मोटर पानी में गिर जाती है जिससे बोर मालिकों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ रहा है। एक तो केवल और दूसरी पानी में डूब कर गायब हो जाने वाली मोटर को पानी से निकाला जाना नामुमकिन होता है इसलिए किसान को मजबूरी में नई केवल के साथ-साथ नहीं बोर में नई मोटर भी खरीद कर डलवानी पड़ती है। इस समय सीजन फसल में सिंचाई का चल रहा है आसमान से बारिश कम हुई है ऐसी स्थिति में 1 मिनट भी खेत को सिंचाई के बिना नहीं छोड़ा जा सकता लाईट शेड्यूल के अनुसार करीब चार घंटे ही मिल रही है।

इनका कहना..

चोरी की वारदातो को लेकर पुलिस गंभीरता के साथ कार्रवाई कर रही है। शहर में आए दिन केवल चोरी और स्कूलो के ताले टूटने की वारदातो के संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी से जानकारी लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

विजय सिंह तोमर
डीएसपी हेडक्वार्टर श्योपुर

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित

आंदोलनजीवी तत्वों की मंशा को उजागर करें कार्यकर्त्ता :चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



इस समय देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में मिशन 2047 को पूरा करने में जुटा हुआ है और इस मिशन के तहत विकासशील भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो प्रयास किया जा रहा है उसे रोकने का काम विपक्ष लोगों को बरगलाकर कर रहा है। इस भीड़ तंत्र में अधिकतर लोग ऐसे शामिल होते हैं जिन्हें सच्चाई का एहसास भी नहीं है। ऐसे लोगों को सच्चाई से अवगत कराने और विपक्ष को उनके षड्यंत्र में विफल करने का काम कार्यकर्ता करें।

यह बात पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान ने रविवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान की समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। पूर्व विधायक चौहान के मुख्य अतिथ्य में भाजपा ग्रामीण मंडल की मासिक कामकाजी बैठक आयोजित हुई जिसमे आगामी कार्यक्रम लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ को लेकर 2 नवम्बर को जिला स्तरीय रैली में कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने के लिए की अपील पूर्व विधायक ने करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को मजबूत प्रदर्शित करने का हमारे लिए ये रैली अच्छा माध्यम हो सकती है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इस रैली से जोड़ने का काम किया जाए। कार्यक्रम का संचालन एड महावीर मित्तल ने किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लेखराज गुर्जर ने की। इस अवसर पर आपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नपाध्यक्ष ने किया 35 लाख रुपए के कार्य का भूमि पूजन

अब रुक सकेगी खुले नाले की वजह से होने वाली दुर्घटनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के वार्ड क्रमांक 17 में खुले नालों के कारण बारिश के समय जो दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती थी और खुले नालो की वजह से बस्ती में रहने वाले लोग जिन बीमारियों से संक्रमित रहते थे वह समस्या अब नहीं रहेगी। नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने इस वार्ड में नाला ढकान कार्य का भूमि पूजन रविवार को कर दिया है। 35 लाख रुपए लागत से नाला ढकान, नाला, सीसी रोड निर्माण होना है। इस काम के बाद वार्ड में खुले नाले और गंदगी की समस्या से मुक्ति मिलने का दावा नगरपालिका द्वारा किया जा रहा है।

नगरपालिका परिषद श्योपुर द्वारा वार्ड क्रमांक 17 आरा मशीन के पीछे की ओर नाला निर्माण कार्य नाला ढकान एवं झा साहब की कोठी के पीछे से कुम्हार मोहल्ला एवं ओम दलाल की पुलिया तक सीसी रोड एवं निर्माण कार्य लागत 35.00 लाख का भूमि पूजन नगरपालिका अध्यक्ष रेनू-सुजीत गर्ग द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि वार्ड क्रमांक 17 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित वार्ड है और इसमें आदिवासी समुदाय से जुड़े लोग निवास करते हैं और शहर का मुख्य नाला इस बस्ती से होकर निकलने के कारण यह नाले हमेशा बीमारियों का वाहक रहे हैं। जिससे लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रसित रहते हैं। नालों के निर्माण और ढकान की मांग लंबे समय से की जाती रही थी अब नगर पालिका ने वार्ड वासियों की समस्याओं का निराकरण करते हुए 35 लाख रुपए के काम का शुभारंभ कर दिया है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, निर्माण समिति चेयरमेन प्रतिनिधि ओपी सिकरवार वार्ड पार्षद नत्थीबाई, जुगल मेहरा, वरिष्ठ पार्षद राम सिंह प्रजापति, शेरू धूलिया एवं वार्डवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

सबसे ज्यादा दुग्ध उत्पादन के लिए पशुपालकों को मिलेंगे पुरस्कार

मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत आयोजित होगी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत गौ-पालको के लिए गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सबसे अधिक दूध देने वाली गाय के पालक को एक लाख रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले के वृंदावन ग्राम नागदा और श्यामपुर में इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे ने बताया कि मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत जिले में दो गांव नागदा और श्यामपुर चयनित है, इन ग्रामों में शासन की योजना के तहत गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गो-पालको को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रूपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रूपये तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। यह प्रतियोगिता उक्त दोनो ग्रामों के लिए अलग-अलग होगी।

श्यामपुर और नागदा में होगा प्रतियोगिता का आयोजन

मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत नागदा और श्यामपुर में उक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक पशुपालन डॉ दौहरे ने बताया कि श्यामपुर में प्रतियोगिता का आयोजन 27 एवं 28 अक्टूबर को तथा नागदा में प्रतियोगिता का आयोजन 30 एवं 31 अक्टूबर को किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में देशी गाय के गौपालक ही भाग ले सकेंगे तथा सुबह-शाम का मिलाकर 6 लीटर से अधिक दूध देने वाली गाय ही इसमें शामिल होंगी। प्रतियोगिता में संबंधित वृंदावन ग्राम के गौपालक ही भाग ले सकेंगे। विजेता गौपालको को गोवर्धन पूजन के दिन राज्य स्तर से डीबीटी के माध्यम से पुरस्कार राशि अंतरित की जायेगी।

स्ट्रॉ रीपर से पराली प्रबंधन का प्रदर्शन

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में पराली प्रबंधन के लिए विभिन्न प्रकार की पहल की जा रही है। इसी क्रम में स्ट्रॉ रीपर (भूसा मशीन) के माध्यम से ग्राम मऊ में पराली प्रबंधन का प्रदर्शन किया गया। सहायक कृषि यंत्री नवीन कुमार ने बताया कि पराली प्रबंधन हेतु किसानो को पराली न जलाने के प्रति जागरूक करने एवं फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के उद्देश्य से कृषक गुरप्रीत सिंह ग्राम मऊ के खेत में स्ट्रा रीपर का प्रदर्शन कर पराली से भूसा तैयार किया गया। जिससे फसल अवशेषों का उपयोग पशु चारे के रूप में किया जा सकता है। किसानों को पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से सहायक कृषि यंत्री नवीन कुमार द्वारा पराली प्रबंधन अपनाने हेतु अपील की गई है।



गोशालाओं के क्रियान्वयन हेतु समन्वय समिति की बैठक 29 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में गोशाला परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उपसंचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे ने बताया कि उक्त बैठक में मनरेगा द्वारा निर्मित गौशालाओं के पंजीयन, गौशालाओं के अपूर्ण निर्माण कार्यो को पूर्ण किये जाने, गौशालाओं में पानी एवं बिजली की उपलब्धता आदि बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए समीक्षा की जायेगी।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 30 को

श्योपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 30 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे से आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कार्तिकेय जायसवाल ने बताया कि जिला पंचायत सभागार में आयोजित उक्त बैठक में पीएचई एवं विद्युत विभाग के कार्यो की समीक्षा की जायेगी, इसके साथ ही जिला पंचायत की कार्य योजना पर विचार विमर्श किया जायेगा।

किला गेट फीडर से आज बंद रहेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर शहर वितरण केन्द्र अंतर्गत 11 केव्ही लाइनों का दीपावाली पूर्व मेंटीनेंस कार्य होने से 26 अक्टूबर को 11 केव्ही किला गेट फीडर से प्रातः 07 बजे से प्रातः 11 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। प्रबंधक वितरण केन्द्र शहर श्योपुर ने बताया कि 11 केव्ही किला गेट फीडर से 26 अक्टूबर को प्रातः 07 बजे से 11 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी, जिसके चलते कण्डेल बाजार, भैसपाडा, किला बगीची, चतरदास का टिला, गुलैया मोहल्ला, गुलाब बाडी, हरिजन बस्ती, ईदगाह रोड क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

मुक्तिधाम को शांतिधाम बनाने के अभियान के तहत पौधरोपण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



ग्राम पंचायत जावदेश्वर के अंतर्गत आने वाले शमशान घाट को मुक्तिधाम से शांति धाम बनाने के अभियान के तहत रविवार को ग्राम पंचायत के माध्यम से 50 छायादार पौधों का रोपण किया गया।इससे पहले श्मशान घाट का जीर्णोद्धार भी ग्राम पंचायत द्वारा किया जा चुका है। ग्राम पंचायत के उपसरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि गिर्राज मीणा ने बताया कि श्मशान घाट के सौंदर्य करण के लिए चलाए जा रहे हैं अभियान तहत रविवार को श्मसान घाट परिसर में लगभग 50 पेड़ लगाये गये है जिसमे अशोक, आवला,बॉटल पाम, चमली,बहुत सारे फल और फूलो एवं छायादार पौधे लगाएं गये। इस मोके पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी जावदेश्वर मौजूद रहे।

सोंईकलां, अजापुरा और प्रेमसर में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने निकाले पथ संचलन

पथ संचलनः घोष की थाप पर स्वयंसेवकों ने मिलाए कदमताल, जगाया देशभक्ति का भाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोंईकलां कस्बे में रविवार को आरएसएस के स्वयंसेवकों ने प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए न सिर्फ घोष की थाप पर अपने कदम ताल मिलाए,बल्कि लोगों में देश भक्ति का भाव भी जगाया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोंईकलां खण्ड ईकाई के द्वारा निकाले गए इस पथ संचलन का कस्बे में कई जगह स्वागत किया गया। पथ संचलन की शुरूआत सोंईकलां कस्बे के नयापुरा तिराहा स्थित शासकीय मिडिल स्कूल परिसर से हुई। यहां पथ संचलन से पूर्व शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसके बाद मिडिल स्कूल परिसर से पथ संचलन शुरू हुआ। जो गोपालपुरा रोड, गुर्जर मोहल्ला, शिवहरे मोहल्ला, पडसावत मोहल्ला, गोपालपुरा रोड होते हुए मैन बाजार पहुंचा। पथ संचलन में दो समानांतर कतारों में अनुशासित स्वयं सेवक घोष की थाप पर अपने कदम सुपथ की ओर कदम बढाकर लोगों में देश भक्ति का भाव जगाते चल रहे थे। पथ संचलन का किसी जगह आरती उतारकर तो किसी पुष्पा वर्षा करके स्वागत किया। मुख्य बाजार से पथ संचलन कुम्हार मोहल्ला, अंसारी मोहल्ला, यादव मोहल्ला, बैरवा मोहल्ला, गौड मोहल्ला और बस स्टैंड होते हुए वापस मिडिल स्कूल परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हुआ।



अजापुरा और प्रेमसर में भी निकले पथ संचलन

विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में इन दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा जिलेभर में पथ संचलन निकाले जा रहे है। इसी क्रम में रविवार को सोंईकलां के साथही अजापुरा और प्रेमसर भी पथ संचलन निकाले गए। रविवार की सुबह जहां अजापुरा गांव में संघ का पथ संचलन निकाला गया। वहीं दोपहर 3 बजे से ग्राम प्रेमसर भी पथ संचलन निकाला गया। मंडल स्तरीय पथ संचलन में मंडल केन्द्र के अंतर्गत आने वाले गांवो के स्वयंसेवक भी शामिल हुए। पथ संचलन गांव के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरे।



देश के लिए मरने की नहीं, जीने की जरूरतःशर्मा

पथ संचलन से पहले मिडिल स्कूल परिसर में बौद्धिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान संघ के शिवपुरी विभाग सह कार्यवाह अतुल शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे, जबकि सह जिला कार्यवाह सत्यनारायण शिवहरे, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सह विभाग कार्यवाह अतुल शर्मा ने जहां विजयादशमी पर्व मनाए जाने को लेकर प्रकाश डाला,वहीं युवाओ से संगठित और संस्कारी बनने का आह्वान किया। उन्होने कहा कि अब स्थिति ऐसी बन गई कि हमे अब देश के लिए मरने के लिए नहीं,बल्कि जीने की जरूरत है। यदि हम देश हित और समाज हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करेगे तो निश्चित रूप से हमारा राष्ट्र और समाज मजबूत बनेगा। उन्होंने सभी स्वयंसेवको से कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार, सामाजिक समरसता, स्वदेशी जीवन शैली तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्य करने की शुरूआत अपने घर से करने का आह्वान भी किया।

बायपास पर हादसा बुजुर्ग की मौत

गुना। शहर के बायपास मार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें 58 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौके पर ही अकाल मृत्यु हो गई। प्रसिद्ध हनुमान टेकरी मंदिर से दर्शन कर पैदल घर लौट रहे वृद्ध को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया, वहीं कैंट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मूल रूप से सिरसी क्षेत्र के ग्राम खर्राखेड़ा निवासी रामसिंह पिता नारायण लाल धाकड़ वर्तमान में नानाखेड़ी स्थित बृज विहार कॉलोनी में अपने परिवार के साथ निवास कर रहे थे। शनिवार सुबह वे हमेशा की तरह हनुमान टेकरी पर दर्शन-पूजन करने गए थे। दर्शन के उपरांत वे पैदल ही बायपास के रास्ते अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे चल रहे रामसिंह को एक बेकाबू अज्ञात वाहन ने भीषण टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तीव्र थी कि रामसिंह उछलकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरे और गंभीर रूप से चोटिल हो गए।

प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई

पराली जलाने पर 4 किसानों पर 17,500 रुपए का अर्थदंड

श्योपुर। जिले में फसल अवशेष एवं धान की पराली जलाने पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले किसानों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई है। एसडीएम गगन सिंह मीणा द्वारा जारी आदेशों के माध्यम से 4 किसानों पर 17 हजार 500 रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा जिले में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है तथा किसानों को शिविर लगाकर तथा अन्य माध्यमों से पराली न जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

राजस्व एवं कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार तहसील श्योपुर के ग्राम छोटाखेड़ा में जाकिर पुत्र शेर अली खान द्वारा सर्वे क्रमांक 225/1 की 1.56 हेक्टेयर भूमि पर तथा ग्राम माधोराजपुरा में गुरुवचन सिंह पुत्र गुरुमुख सिंह द्वारा सर्वे क्रमांक 58/1 की 0.20 हेक्टेयर भूमि पर पराली जलाने का मामला सामने आने पर क्रमशः 5,000 एवं 2,500 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

इसी प्रकार, तहसील बड़ौदा के ग्राम अलापुरा में धनराज पुत्र मुरारी द्वारा सर्वे क्रमांक 271 की 1.327 हेक्टेयर भूमि पर तथा ग्राम पांडोली में देवीशंकर पुत्र सियाराम द्वारा सर्वे क्रमांक 38/1/1/2 की 1.045 हेक्टेयर भूमि पर पराली जलाने के मामले में प्रत्येक पर 5-5 हजार का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। इस प्रकार चारों प्रकरणों में कुल 17,500 का अर्थदंड करने की कार्रवाई की गई है, संबंधित तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि अधिरोपित अर्थदंड की राशि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार डी.पी.जी. में संधारित कर वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा की गई कार्रवाई से संबंधित न्यायालय को अवगत कराएं। एसडीएम गगन सिंह मीणा ने स्पष्ट किया कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है तथा मिट्टी की उर्वरता एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

खबर संक्षेप

दो बाइक आपस में टकराईं

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत पारकना रोड़ पर दो बाईक आपस में टकरा गईं। दोनों बाईक चालकों ने एक दूसरे के विरूद्ध मामले दर्ज कराए हैं। इस घटना में बाईक चालक धीरज लोधी निवासी बम्मन खिरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी बाईक जिसका नंबर एमपी 67 एमसी 7657 से आ रहा था तभी सामने से आ रही बाईक के चालक शेर सिंह अहिरवार ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से शेर सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी बाईक एमपी 67 जेडएफ 7560 से आ रहा था तभी धीरज लोधी ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी।

मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत 4 अप्रेल को चार्ली राजा उम्र 32 साल की मौत हो गई थी पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, उक्त मामले की जांच उप निरीक्षक देवीलाल कोली द्वारा की जा रही थी। जांच में पाया गया कि सरदार यादव व कृष्णा बाई यादव निवासी जमूसर ने उसे मानसिक रूप से प्रताड़ति किया और बदनाम करने की धमकी दी, जिसके कारण उसने जहर का सेवन कर लिया था, पुलिस ने दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

कुए में डूबने से किशोरी की मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत शिवानी पुत्री दलवीर अहिरवार उम्र 16 साल निवासी ग्राम राजतला की जल्लू खान के कच्चे कुआ जो बमोरी ललोई के खेत में हैं उस कुएं में गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत भौरा काछी निवासी करण कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद और छोटू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धुर्रा निवासी विशाल जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रघुवीर, विशाल और प्रभु अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनोतिया पछार निवासी रतनलाल पुर भैयालाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप, दर्शन, बाबूलाल, संजीव अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पचलाना निवासी देशराज लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लाल साहब लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुलवार निवासी योगेश सोलंकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेश जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसनपुर निवासी राजेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भीमा आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

परीक्षा केंद्रों पर 47744 नव साक्षर ने दी परीक्षा

अशोकनगर। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 24 अक्टूबर 2026 को साक्षरता परीक्षा का आयोजन जिले के 1255 परीक्षा केंद्रों पर किया गया जिसमें शासकीय, अशासकीय विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिससे की नव साक्षरों को अपने नजदीकी परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में सुविधा हो सके। इस बार जिले में 53000 नव साक्षर का लक्ष्य था जिसके विरूद्ध 47744 नव साक्षर परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें अशोकनगर विकासखंड में 16500 नव साक्षर में से 15186 नव साक्षर शामिल हुए। इसी प्रकार चंदेरी में 7500 नव साक्षर में से 6190, ईसागढ़ में 14500में से 13200 और मुंगावली में 14500 में से 13161 नव साक्षर उपस्थित रहे । इस परीक्षा में भी पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की सहभागिता अधिक रही। प्रतिवर्ष में दो परीक्षा आयोजित की जाती है।

पलकाटोरी में एसडीएम के नेतृत्व में प्रशासन ने छापामार कार्रवाई की, चावल के 160 कट्टे बरामद

जिले भर में कई राशन की दुकानों में हेराफेरी तो कहीं पीडीएफ का चावल चोर रास्ते से बेचने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम पलकाटोरी में जानकारी मिलने के बाद एसडीएम इसरार खान के नेतृत्व में प्रशासन के एक दल ने एक मकान में बनाए गए गोदाम पर छापामार कार्यवाही की। यहां से प्रशासन के दल ने चावल के 160 कटटे बरामद किए हैं, जिसकी जांच पड़ताल व कार्यवाही की जा रही है।

एसडीएम इसरार खान ने बताया कि शुक्रवार की रात 8.30 बजे यह कार्यवाही की गई,जिसमें उनके अलावा जिला खाद अधिकारी प्राची शर्मा तथा वेयरहाउस और नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी भी शामिल थे। यह चावल पलकाटोरी जाने वाले मार्ग पर मंजू जाटव के मकान में किराए से गोदाम बनाकर मोंटी उर्फ चेतन जैन द्वारा रखा गया था। प्रशासन को जानकारी मिली थी कि यह पीडीएस का चावल है, अभी प्रशासन की टीम इस बात की जांच कर रही है कि यह चावल यहां कहां से आया। उधर दूसरी ओर बताया गया है कि मुखबिर से जानकारी मिलने के बाद जब प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तब गोदाम का ताला लगा हुआ था, मकान मालिक से नंबर लिया गया और मोंटी जैन को फोन लगाया गया जिसके बाद उनका मुनीम मौके पर पहुंचा और गोदाम खोलने की कार्यवाही की गई। अभी तक यह पता नहीं चला है कि यह चावल यहां कैसे आया, जानकारी मिलने के बाद दुकान मालिक भी वहां पर पहुंच गया था, बताया गया है कि वह चावल खरीदने और बेचने का काम करता है, फिलहाल प्रशासन ने उक्त गोदाम को सील कर दिया है, सील करने से पहले माल की तौल कराई गई, जिसके बाद गडबड़ी पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम का मामला दर्ज किया जाएगा।







कबीरा दुकान की जांच करने के बाद कार्रवाई की गई

राधे स्व सहायता समूह ग्राम कबीरा द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान कबीरा 4601085 के निरीक्षण के दौरान दुकान का नाम सूचक बोर्ड, स्टॉक भाव सूची एवं सतर्कता समिति गठन का बोर्ड प्रदर्शित नहीं पाया जाना तथा दुकान संचालन में अनियमितता (स्टॉक में अंतर) किये जाने से म0प्र0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका 10(3), 18 एवं शा0उ0मू0 दुकान आवंटन प्राधिकार पत्र की शर्त क्रमांक 2, 3, 4, 5, 6, 7, 13, 17 एवं 29 का उल्लंघन किया गया, जिसके फलस्वरूप स्टॉक अंतर की राशि 2500 एवं राशि 5000 प्रतिभुति राशि शासनहित में राजसात कराई जाकर शा0उ0मू0 दुकान कबीरा 4601085 को राधे स्व सहायता समूह ग्राम कबीरा से निलंबित किया जाकर अस्थाई रूप से अम्बेडकर स्व सहायता समूह ग्राम खैजरा खुर्द द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान खैजरा खुर्द 4601122 में संलग्न किया गया है।

गरीबों के राशन पर डाका डालने वाले दुकानदारों के यहां अनियमित्ताएं मिलने पर प्रशासन ने की कार्रवाई

ग्रामीण क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग अशोकनगर द्वारा दुर्गा स्व सहायता समूह ग्राम भौंरा काछी द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान भौंरा काछी 4601083 दुकान संचालन में अनियमितता (स्टॉक में अंतर) किये जाने से म0प्र0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका 13(2), 18 का उल्लंघन पाया गया। जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत स्टॉक अंतर की राशि 12370 एवं राशि 5000 प्रतिभुति राशि शासनहित में राजसात कराई गई। सहायक आपूर्ति अधिकारी अनुभाग अशोकनगर द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान श्री सत्य साई स्व सहायता समूह ग्राम रिजौदा द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान रिजौदा 4601126 बंद पाई गई। दुकान समय से नहीं खोला जाने पर म0प्र0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका 10 (3) का स्पष्ट उल्लंघन पाये जाने के फलस्वरूप राशि 2000 शासनहित में राजसात कराई गई। लक्ष्मी स्व सहायता समूह करियाखेडी द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान करियाखेडी 4601136 के निरीक्षण के दौरान दुकान का नाम सूचक बोर्ड, स्टॉक भाव सूची एवं सेंपल प्रदर्शित नहीं पाया जाना म0प्र0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के तहत दुकान आवंटन प्राधिकार पत्र की शर्त क्रमांक 1, 3, 4, 5, 17 एवं 29 का उल्लंघन करने पर 2500 राशि शासनहित में राजसात कराई गई।

भैंसरवास दुकान के निरीक्षण में अनियमित्ताए मिली थीं

शक्ति पुंज महिला बहु0 भंडार भैंसरवास द्वारा संचालित शा0 उ0मू0 दुकान भैंसरवास 4601015 की लगातार सीएम हेल्पलाईन एवं लिखित शिकायतें प्राप्त होने से मौके पर जाकर दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान का नाम सूचक बोर्ड, स्टॉक भाव सूची एवं सतर्कता समिति गठन का बोर्ड प्रदर्शित नहीं पाये गये एवं न ही स्टॉक रजिस्टर तथा शिकायत सुझाव पंजी भी संधारित नहीं पाई गई तथा स्टॉक में अंतर पाया जो कि म0प्र0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका 11(1), 13(2), 18 एवं शा0उ0मू0 दुकान आवंटन प्राधिकार पत्र की शर्त क्रमांक 3, 4, 5, 6, 10 एवं 29 का उल्लंघन किया जाना पाये जाने से शा0उ0मू0 दुकान भैंसरवास 4601015 को शक्ति पुंज महिला बहु0 भंडार भैंसरवास से निलंबित किया जाकर अस्थाई रूप से सेवा सहकारी संस्था भैंसरवास द्वारा संचालित शा0उ0म0 दुकान पिपरिया 4601016 से संलग्न किया गया है एवं आगामी कार्यवाही हेतु सहायक आपूर्ति अधिकारी अनुभाग अशोकनगर को शक्ति पुंज महिला बहु0 भंडार भैंसरवास द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान भैंसरवास 4601015 की जांच का विस्तृत जांच प्रतिवेदन 07 दिवस में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

दो दुकानों पर अनियमित्ताएं मिलने पर कार्रवाई की गई

अन्य 02 शा0उ0मू0 दुकानों क्रमशः शक्ति पुंज महिला बहु भंडार तूमैन द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान तूमैन 4601053 एवं सेवा सहकारी समिति तूमैन द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान जतोली 4601055 द्वारा दुकान संचालन में अनियमितताएँ किये जाने से कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब चाहा गया है। वहीं शहरी क्षेत्र में प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी जिला अशोकनगर द्वारा वार्ड 3 में स्थित सुभाष प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शा0उ0म0 दुकान कोड 4601008 पर दुकान संचालन में अनियमितताऐं किये जाने पर राशि 5000 का जुर्माना लगाया गया है।

'योग्य पात्र के लिए योग्य समय में दिया हुआ थोड़ा सा दान भी अधिक फल देता है'



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्यों ने दान के विषय में कहा है कि जिस प्रकार उत्तम भूमि में उचित समय में डाला हुआ छोटा-सा वट का बीज संसारी जीवों को बहुत भारी छाया के साथ बहुत से इष्ट फल को फलता है। उसी प्रकार उचित समय में सत्पात्र के लिये दिया हुआ थोड़ा भी दान संसारी प्राणियों के लिये उच्च गोत्र, सुन्दर रूप, सर्वत्र सम्मान की प्राप्ति, भोगोपभोग की सामग्री एवं कीर्ति की प्राप्ति आदि अनेक प्रकार के फल को प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि कई लोगों की यह धारणा है कि अधिक परिमाण में दिया हुआ दान ही सफल होता है, तो यह आवश्यक नहीं है। किन्तु योग्य पात्र के लिये योग्य समय में दिया हुआ थोड़ा-सा दान भी अधिक फल देता है। आचार्यों ने कहा है अनुग्रहार्थं स्वस्यातिसर्गो दानं। अनुग्रह अर्थात् अपने और दूसरे के उपकार के लिये अपनी वस्तु का त्याग करना दान कहलाता है। दान करने से पर के ऊपर उपकार कर रहे हैं, ऐसा नहीं सोचना चाहिये क्योंकि दान केवल पर के लिये ही नहीं होता, उससे स्व का भी अनुग्रह होता है, बल्कि यूँ कहना चाहिये कि दान के समय निश्चय से स्व के ऊपर ही अनुग्रह होता है। यदि हम स्वाध्याय कर रहे हैं, तो दूसरे के लिये नहीं सुना रहे हैं बल्कि स्वयं के लिये अनुग्रह हो रहा है। धर्मोपदेश भी स्वाध्याय का एक अंग है, आपको निमित्त बनाकर हम अपने को उसमें ढाल रहे हैं इससे आपका उपकार हो जाता है तो हो जाये लेकिन स्वयं के ऊपर भी उपकार है। इस प्रकार स्व और पर दोनों के लिये उपकार करना अनुग्रह है तो इसमें पुण्य संचय होता है स्व का उपकार है। दान के द्वारा केवल बन्ध ही होता है, एकान्त से ऐसा कहना गलत है, किन्तु उसके द्वारा असंख्यातगुणी कर्म निर्जरा भी होती है अन्यथा श्रावक की ऐसी कौन सी क्रिया है जिसके द्वारा वह अपने कर्मों की निर्जरा कर सके। रविवार शान्तिनगर मंदिर में आचार्य देव की विशाल महापूजन एवं महाआरती का विशेष कार्यक्रम सभी मंदिरों में संचालित पाठशालाओं के माध्यम से किया जावेगा जिसमें प्रभावना वितरण समस्त पुण्यार्जक परिवार द्वारा किया जाएगा।





कलेक्टर ने किया उर्वरक वितरण केंद्रों का निरीक्षण

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने शनिवार को जिला मुख्यालय अशोकनगर पर संचालित डबल लॉक केन्द्र अशोकनगर, सेवा सहकारी समिति अशोकनगर एवं निजी उर्वरक विक्रेता आनन्द खाद बीज भण्डार का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने ई-टोकन प्रणाली से उर्वरक वितरण की व्यवस्था का अवलोकन किया गया एवं कृषकों से मौके पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि रबी सीजन हेतु कृषकों को रासायनिक उर्वरकों का वितरण पर्याप्त एवं सुविधाजनक तरीके से किया जाये। कृषकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इस हेतु आवश्यक सहायता की जाये। निरीक्षण के दौरान उपसंचालक कृषि अमित सिंह, तहसीलदार अशोकनगर संतोष सिंह धाकड़ सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थिति रहे।

जन अभियान परिषद युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य करता है: नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा शनिवार को प्रातः 11 बजे जनपद पंचायत अशोकनगर के सभा कक्ष में प्रस्फुटन समितियों का विकासखंड स्तरीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम "प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम" आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, जनपद पंचायत सीईओ शैलेन्द्र यादव, जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान एवं विकासखंड समन्वयक मनोज यादव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का परिचय, कार्यक्षेत्र एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए प्रस्फुटन समितियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है। जन अभियान परिषद ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य करता है तथा सामाजिक सहभागिता के माध्यम से जनकल्याण और समाज विकास के कार्यों को गति प्रदान करता है।



चार सत्रों में दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सुनील सेन ने परिषद द्वारा संचालित मोबाइल एप एवं एमआईएस की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में सतपाल जाट ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में बलवीर सिंह यादव ने बाल संस्कार एवं स्वदेशी जागरण विषय पर मार्गदर्शन दिया। चतुर्थ सत्र में भूपेंद्र रघुवंशी ने प्रस्फुटन समितियों को स्वयंसेवी संगठनों के रूप में विकसित एवं सशक्त बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अक्षर पीठ संस्था के कुमार संभव ने किया। प्रशिक्षण में विकासखंड अशोकनगर की 28 सक्रिय प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों, परामर्शदाताओं एवं नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में शनिवार को जिला जेल अशोकनगर का निरीक्षण एवं बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार किया गया।

निरीक्षण के दौरान न्यायाधीशगण द्वारा सभी बंदियों से चर्चा की गई। निरूद्ध बंदियों से उनके अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली गई तथा जिन बंदियों के अधिवक्ता नहीं थे, उन्हें लीगल एड डिफेंस काउंसल से तत्काल अधिवक्ता नियुक्त किये गये तथा जिन बंदियों को अपने अधिवक्ता, प्रकरण की स्थिति पता न होने से, उनके प्रकरणों के संबंध में संबंधित न्यायालय से जानकारी तलब कर बंदियों को दी गई। साथ ही बंदियों से भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी चैकअप समस्या के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही महिला बेरक में बंदी महिलाओं एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य, भोजन, आवास, मनोरंजन एवं शिक्षा के संबंध में जानकारी ली, आज रिहा होने वाले बंदियों से बात कर उन्हें प्राधिकरण की योजना से अवगत कराया गया, इसके साथ ही विधिक सहायता, विधिक सलाह, बंदियों के अधिकार एवं प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में बंदियों को जानकारी दी। बंदी जेल से ही विधिक सहायता से वकील निःशुल्क ले सकते हैं।

मारपीट करने वाले आरोपियों को 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

अशोकनगर। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अशोकनगर द्वारा मारपीट करने वाले आरोपी मोहित पुत्र यशपाल जाटव, हब्बूलाल पुत्र प्रभुलाल जाटव, दिनेश जाटव पुत्र हब्बूलाल जाटव, पप्पू उर्फ यशपाल जाटव पुत्र हब्बूलाल जाटव, निवासी-ग्राम धुर्रा को 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास व 9000-9000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मामले में शासन की ओर अभियोजन संचालन सहायक निदेशक अभियोजन संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में एडीपीओ प्रीती भदौरिया द्वारा की गया। मीडिया सेल प्रभारी जिला अभियोजन संचालनालय अशोकनगर द्वारा बताया गया कि 20.05.2023 को फरियादीगण एवं आरोपी हब्बू का खेत एक दूसरे से लगा हुआ है। उक्त दिनांक को बंटी खेत की मेड़ पर लगे बांस काट रहा था जिसके उपर से आरोपी हब्बू के परिवार एवं फरियादी के परिवार में कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश पर से उक्त 20 मई 2023 को रात लगभग 11.30 बजे फरियादी का परिवार घर के बाहर सो रहा था तभी आरोपी मोहित पुत्र यशपाल जाटव, हब्बूलाल पुत्र प्रभुलाल जाटव, दिनेश जाटव पुत्र हब्बूलाल जाटव, पप्पू उर्फ यशपाल जाटव पुत्र हब्बूलाल जाटव, लाठी डण्डे लेकर आये और उसकी लाठी डण्डों से मारपीट कर दी जिससे बंटी को दोनों पैरों में घुटने के नीचे खून निकल आया था और सिर के पीछे चोट आई थी तथा दोनों हाथों के कंधों में चोट आई थी तथा दाहिने हाथ के पंजे में भी चोट आई थी। जब उसे बचाने जब उसकी पत्नी वंदना, बहू नंदनी एवं मां जानकीबाई व पिता चंद्रभान आये तब आरोपियों द्वारा उसके परिवार के लोगों की भी लाठी डण्डों से मारपीट कर दी। जिससे फरियादी के पिता चंद्रभान के सिर में चोट होकर खून निकलने लगा तथा शरीर में जगह-जगह चोटें आई थीं तथा वंदना, जानकीबाई एवं नंदनी के सिर में भी जगह-जगह चोटें आई थीं। न्यायालय में विचारण उपरांत आरोपियों को प्रकरण में दोषी पाते हुए निर्णय पारित किया गया।

पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में छात्र परिषद के क्रीडा सचिव के चयन हेतु क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में छात्र परिषद के क्रीड़ा सचिव के चयन हेतु क्रीडा प्रतियोगिताएं जारी हैं। यह आगामी एक सप्ताह तक चलेंगे। जिसमें छात्रों के क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया गया। जिसमें पहला मैच मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल ब्रांच में मध्य खेला गया जिसमे इलेक्ट्रिकल ब्रांच की टीम ने जीत हासिल की। इसके बाद दूसरा मैच इलेक्ट्रॉनिक्स और सिविल ब्रांच के बीच खेला गया जिसमे इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच की टीम ने जीत हासिल की।

फाइनल मैच संस्था की इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के मध्य खेला गया जिसमे फाइनल मुकाबला इलेक्ट्रिकल ब्रांच की टीम ने जीता। उपरोक्त प्रतियोगिता के अतिरिक्त बालीबाल, टेबल टेनिस, 100,200, एवं 400 मीटर रिले रेस एवं रस्सा कस्सी का भी आयोजन संस्था के ग्राउंड में किया जाना है। इन प्रतियोगिताओं में सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र अथवा छात्रा का चयन छात्र परिषद में क्रीडा सचिव के पद पर किया जाएगा।

इस के दौरान संस्था के प्राचार्य डॉ. बी.के. गुप्ता, व्याख्याता मोनेश जैन, मनीष वैद्य, सचिन शर्मा, सीताराम चैहान, अभिषेक सोनी आदि स्टाफ मेम्बेर्स सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित रहे। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के क्रीडा प्रभारी अनिल धकाते के निर्देशन में किया गया, प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में संस्था के आशु गुरहा, अंकुर सोनी, हेमंत सुमन, प्रशांत रघुवंशी, आनंद कुमार उके, सतपालसिंह चैधरी, प्रवीण उरैया,संजय अहिरवार, सुनील जाटव, पुरषोत्तम ठाकुर आदि का सहयोग रहा।

